**बिहार सरकार**
**खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग**

पत्रांक– प्र003– विविध (नियुक्ति)–02/2021 5522 खाद्य/पटना/दिनांक 20/12/2021

प्रेषक,

संगीता सिंह,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी।

विषयः– नवनियुक्त आपूर्ति निरीक्षकों के योगदान स्वीकृति के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक 4237 दिनांक 05.10.2021, जिला पदाधिकारी, कटिहार का पत्रांक 1487 दिनांक 17.11.2021 एवं विशिष्ट पदाधिकारी, अनुभाजन, पटना का पत्रांक 670 दिनांक 23.11.2021

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक एवं प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि उपरोक्त विभागीय प्रासंगिक पत्र के द्वारा 64वीं0 संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के आधार पर प्राप्त अनुशंसा सूची के आलोक में विभागीय पत्रांक 4237 दिनांक 05.10.2021 के द्वारा विभिन्न आपूर्ति निरीक्षक के पद पर नियुक्त करते हुए विभिन्न जिलों में पदस्थापित किया गया था। इस संदर्भ में कतिपय आपूर्ति निरीक्षकों द्वारा उनके पदस्थापन स्थान पर निर्धारित अवधि दिनांक 18.10.2021 के पश्चात संबंधित जिला पदाधिकारी के समक्ष अपना योगदान समर्पित किया गया है, जिसके फलस्वरूप कतिपय जिलों के द्वारा उनके योगदान स्वीकृति के संबंध में विभाग से मार्गदर्शन की अपेक्षा की गई है।

वर्णित स्थिति में सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि विभागीय आदेश ज्ञापांक 4237 दिनांक 05.10.2021 के आलोक में यदि नवनियुक्त आपूर्ति निरीक्षक द्वारा अपने पदस्थापित स्थान पर निर्धारित अवधि दिनांक 18.10.2021 के पश्चात यथेष्ठ कारण सहित अपना योगदान समर्पित किया जाता है, तो वैसी स्थिति में आश्वस्त होने के उपरांत उनका योगदान, योगदान समर्पित किए जाने की तिथि से स्वीकृत करने की कृपा की जाए।

विश्वासभाजन

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक– प्र03 विविध (नियुक्ति)–02/2021 5522 खाद्य/पटना, दिनांक– 20/12/2021

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी, कटिहार को उनके पत्रांक 1487 दिनांक 17.11.2021 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि श्री अविनाश भारती, नवनियुक्त आपूर्ति निरीक्षक, मनसाही, कटिहार को उनके द्वारा समर्पित योगदान की तिथि 17.11.2021 के प्रभाव से योगदान स्वीकृत करने की कृपा की जाए।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक– प्र03 विविध (नियुक्ति)–02/2021 5522 खाद्य/पटना, दिनांक– 20/12/2021

प्रतिलिपिः– विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, पटना को उनके पत्रांक 670 दिनांक 23.11.2021 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि श्री आकाश तिवारी, नवनियुक्त आपूर्ति निरीक्षक, अनुभाजन, पटना को उनके द्वारा समर्पित योगदान की तिथि 08.11.2021 के प्रभाव से योगदान स्वीकृत करने की कृपा की जाए।

विशेष कार्य पदाधिकारी।

D/Sec 3, 2021/Avinash/Draft vividh